प्रेस नोट

थाना मुस्करा **दिनांक 21.09.2024**

लूट का वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड में अवैध असलहा सहित गिरफ्तार-

अवगत कराना है कि दिनाँक 18.09.2024 को बृजेंद्र कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद अनुरागी निवासी खरेला शाहदरा फर्स्ट, थाना खरेला जनपद महोबा , कछवा कला थाना जरिया के पास से अपनी पत्नी के साथ जा रहा था कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से सर्विस रोड पर बसोठ और गुदेला के मध्य तीन अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा बृजेंद्र कुमार के साथ मारपीट करते हुए एक अदद मोबाइल, ₹20,000/- व 01 अदद मंगलसूत्र छीन लिया गया। थाना मुस्करा पुलिस द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित (बृजेंद्र कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद अनुरागी) से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुस्करा में मुकदमा अपराध संख्या 207/2024 धारा- 191(2),115(2), 309(1) बीएनएस अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

दिनाँक 20.09.2024 को पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त ओम प्रकाश पुत्र सुभाष पाल (उम्र करीब 19 वर्ष) निवासी ग्राम बिहुनी थाना मुस्करा को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से लूट के 2200/- रुपये बरामद किये गए। पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल और छीना गया मोबाइल फोन मौदहा डैंम बांध रोड के जंगल मे छिपा दिया है, उसे भी बरामद करवा सकता हूँ, अभियुक्त की इस बात पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम दिनांक 21.09.2024 को समय 02.42 ए0एम0 बजे अभियुक्त के बताए गये सम्बन्धित स्थान पर पहुची तो मौके से मोटर साइकिल बरामद किया गया। अभियुक्त मोबाइल फोन निकालने की बात कहते हुए झुका ही था कि वहीं से उसके द्वारा पूर्व मे छुपाए गये मोबाइल फोन के साथ अवैध असलहा से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा गया तो पुनः अवैध असलहा तान दिया तब पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया तो अभियुक्त ओम प्रकाश के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लग गयी जिससे वह गिर गया। मौके पर ही उसके कब्जे से अवैध असलहा/ कारतूस व मोबाइल फोन बरामद किया गया । घायल अभियुक्त ओम प्रकाश को इलाज हेतु तत्काल सीएचसी मुस्करा ले जाया गया। आज हुई मुठभेड के सम्बन्ध में पुलिस मुठभेड़ व 3/25 आर्म एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। विवेचना प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1.ओम प्रकाश पुत्र सुभाष पाल (उम्र करीब 19 वर्ष) निवासी ग्राम डिहुली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1. अभियुक्त के कब्जे लूट के कुल 2200/- रुपये।
2. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल ।
3. छीना गया 01 मोबाइल फोन ।

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली संयुक्त पुलिस टीमः-

1. प्र0नि0 शशि कुमार पाण्डेय थाना मुस्करा
2. उ0नि0 शिवम पाण्डेय थाना मुस्करा
3. उ0नि0 संजय यादव थाना मुस्करा
4. उ0नि0 राजीव साहू थाना मुस्करा
5. उ0नि0 मानवेन्द्र सिंह थाना मुस्करा
6. मु0आ0 कमलेश कुमार थाना मुस्करा
7. आरक्षी प्रदीप शर्मा थाना मुस्करा
8. आरक्षी आकाश कुमार थाना मुस्करा
9. आरक्षी नीरज राजपूत थाना मुस्करा